दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 02 अंक :- 15 मुरादाबाद 07 May 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## अयोध्या में अनुसूचित वर्ग की महिला बसंती के आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया भोजन




अयोध्या- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी अयोध्या के दौरे पर शुक्रवार को हनुमानगढ़ी तथा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन के साथ अनुसूचित वर्ग की महिला बसंती के आवास पर जाकर दोपहर में भोजन भी किया। इस अवसर पर बसंती के साथ ही साथ उनके पति भी बेहद खुश थे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अयोध्या मंडल के प्रभारी मंत्री एके शर्मा के साथ ही सांसद लल्लू सिंह, मंत्री प्रतिभा शुकला, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा तथा प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद ने भी बसंती के हाथ के बने भोजन का स्वाद लिया। बसंती ने भी मुख्यमंत्री को भोजन कराने की तैयारी कर रखी थी। अयोध्या में बेगमपुरा मोहल्ला निवासी बसंती का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आशियाना जल्दी ही तैयार हुआ है। बसंती के लिए आज मुख्यमंत्री सहित प्रदेश सरकार के कई अन्य मंत्रियों तथा जन प्रतिनिधियों का आगमन किसी सपने से कम नहीं है। अपने आवास में सूबे के मुखिया के साथ अन्य महानुभावों को पाकर बसंती सहित घर के सभी सदस्य बेहद प्रसन्न थे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर परिवार की मुखिया बसंती कल से ही काफी व्यस्त थीं। वह यह तय करने में लगी थीं कि मुख्यमंत्री और उनके साथ के लोगों को भोजन में क्या परोसा जाएगा। इसके लिए परिवार के सदस्यों से लेकर संबंधित अधिकारियों से विचार-विमर्श चला। अधिकारियों की ही निगरानी में उनके घर तक जाने वाले मार्ग की भी विशेष साफ-सफाई की गई। बसंती के पास आज मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों व शीर्ष अधिकारियों को भोजन कराकर सरकार एवं भाजपा नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने का भी यह अहम था। इनको ना केवल आवास, बल्कि मुफ्त राशन और आयुष्मान कार्ड जैसी कुछ अन्य सौगातें मुफलिसी से लडने़ में ताकत प्रदान कर रही है। बसंती के पति और उनका बड़ा बेटा श्रमिक है। छोटा बेटा 27 वर्षीय सचिन बीएससी करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है।

## आजम खान की जमानत पर फैसले में देरी से सुप्रीम कोर्ट नाराज, कहा- न्याय का मजाक



आजम खान की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट बुधवार यानी 11 मई को सुनवाई करेगा। जस्टिस एल नागेश्वर राव की अगुवाई वाली बेंच को अधिवक्ता ने बताया कि आजम खान की जमानत याचिका पर कल हाईकोर्ट ने फैसला रिजर्व रख लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 137 दिन बीत जाने के बाद भी इस मामले में आज की तारीख तक फैसला नहीं सुनाया गया है। सर्वोच्च अदालत ने इसे न्याय का मजाक बताया और कहा कि बुधवार को खुद इस मामले की सुनवाई करेगा। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि आजम खान को 86 अन्य मामलों में जमानत दी जा चुकी है। अपनी याचिका में आजम खान ने सुप्रीम कोर्ट से उनके खिलाफ 19 सितम्बर 2019 को अपराध संख?या 312 के तहत रामपुर के अजीमनगर थाने में आईपीसी 1860 की धारा 420, 467, 468, 471,447, 201, 120 बी और लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 के सेक्शन 3 के तहत दर्ज एफआईआर में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत याचिका पर अंतिम फैसला आने तक के लिए अंतरिम जमानत की मांग की है। यह याचिका आजम खान के वकील लजाफीर अहमद ने दायर की। इसके पहले आजम खान की ओर से सुप्रीम कोर्ट को बताया गया था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिसम?बर 2021 में उनकी जमानत याचिका पर फैसला रिजर्व कर लिया था। बाद में यूपी सरकार ने इस सम्बन्ध में कुछ नए तथ्य पेश करने के लिए एक नई अर्जी दी। इसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत याचिका पर दोबारा सुनवाई की। आजम खान को इसी एक केस में अब तक जमानत नहीं मिल पाई है। आजम फरवरी 2020 से सीतापुर जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ पिछले साल कई मामले दर्ज किए गए थे।

## मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाना मौलिक अधिकार नहीं, इलाहाबाद हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी



प्रयागराज- मस्जिद तथा अन्य धार्मिक स्थल से लाउडस्पीकर हटाने के उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के फैसले पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की भी मुहर लग गई है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति मांगने की याचिका को खारिज करने के साथ ही निर्देश भी दिया कि मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाना किसी का भी मौलिक अधिकार नहीं है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बदायूं की नूरी मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति की मांग वाली याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। इसके निर्देश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि मस्जिद पर लाउडस्पीकर लगाकर अजान देना किसी का मौलिक अधिकार नहीं है। इसको लेकर बदायूं के एसडीएम ने मस्जिद पर स्पीकर लगाने की अनुमति न देने के उचित कारण भी दर्ज किये है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यह भी कहा है कि यह सही है कि अजान तो इस्लाम का अंग है, लेकिन इसके साथ यह भी है कि लाउडस्पीकर से अजान देना इस्लाम का हिस्सा नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति वीके बिड़ला तथा न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने इरफान की याचिका पर दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बदायूं के बिसौली तहसील में धोरनपुर गांव की नूरी मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाकर अजान देने की अनुमति न देने के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज कर दी है। याची का कहना था कि एसडीएम बिसौली का आदेश अवैध है। इससे याची के मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाकर अजान पढने़ के मूल अधिकारों व कानूनी अधिकार का हनन किया गया है। इसी कारण से एसडीएम का तीन दिसंबर 21 का स्पीकर लगाने की अनुमति न देने का आदेश रद किया जाए। याची ने 20 अगस्त 21 को अर्जी दी थी जिसे एसडीएम ने निरस्त कर दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी में धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर को हटाने का आदेश दिया था । जिसके बाद उत्तर प्रदेश में 45773 लाउडस्पीकर हटाए गए। ।कई जगह पर लाउडस्पीकरों की आवाज कम की गई। 30 अप्रैल तक 58,861 लाउडस्पीकरों की आवाज कम की गई है। मंदिर,मस्जिद और गुरुद्वारे से लाउडस्पीकर हटाने के दौरान सभी धर्मों के धर्मगुरुओं ने प्रशासन का सहयोग किया था।

## डिप्टी सीएम केशव से बोली रेप पीड़िता, इंस्पेक्टर मारकर भगा देता है



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की सर्किट हाउस में आयोजित जन चौपाल में बरहन की दुष्कर्म पीड़िता अपनी बात कहते कहते फफक फफक कर रो पड़ी। पीड़िता ने कहा उसे थाने में न्याय नहीं मिल रहा है। इंस्पेक्टर भी मार कर भगा देता है!उसकी रिपोर्ट भी नहीं लिखी जा रही है। उसे न्याय दिलाया जाए इस पर उपमुख्यमंत्री ने तत्काल एसएसपी सुधीर कुमार को बुलाकर बुलाया दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।जनचौपाल में लपकों की भी समस्या उठी! प्रदीप कुमार ने ताजमहल और आसपास के क्षेत्र में लपकों के आतंक पर्यटकों के साथ अभद्र व्यवहार की समस्या को उठाया। ग्वालियर रोड पर धार्मिक स्थल के हो रहे अवैध निर्माण को लेकर गोविन्द कुमार ने शिकायती पत्र दिया। बरौली अहीर में दबंगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत संजय दीक्षित ने की। यहीं पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने लाउडस्पीकर से अजान प्रकरण में बदायूं के मुत्तवली की याचिका न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के फैसले को स्वागत योग्य बताया। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# जिलाधिकारी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया पेंशन सम्बन्धी मेगा कैम्प का शुभारम्भ

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जनपद के वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजनों की पेंशन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में मेगा पेंशन कैम्प का शुभारम्भ जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया। तदोपरान्त जिलाधिकारी ने समाज कल्याण, प्रोबेशन एवं दिव्यांगजन विभाग से पेंशन पा रहे लाभार्थियों से उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों की पेंशन न रूकने पाये, इसलिये उनकी के0वाई0सी0 भी करायी गई। इसके अलावा अन्य कमियों को भी सूचीबद्ध कर दुरूस्त करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ देने हेतु इस मेगा कैम्प का आयोजन किया गया है। जिससे लोगों की पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण शत-प्रतिशत किया जा सके। इसके लिए विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प का आयोजन कर लोगों को लाभान्वित किया जायेगा। उन्होने समस्त वृद्धावस्था पेशन धारकों से अपील किया है कि वे कैम्प के माध्यम से अपना आधार प्रमाणीकरण कराकर लाभ उठायें, जिससे भविष्य में उनकी पेंशन निर्बाध रूप से आती रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द ने कहा कि इस मेगा कैम्प से निश्चित ही जनपद के ऐसे पेंशनरों को लाभ मिलेगा, जिनकी पेंशन रूक गई थी या किसी कारणवश नही आ रही थी। इस कैम्प के माध्यम से उनकी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा, जिससे लोग शत-प्रतिशत लाभान्वित हो सकेंगे। मेगा कैम्प के सफल आयोजन अपर जिलाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मेगा कैम्प का आयोजन जनपद के सभी विकास खण्डों के चयनित ग्राम पंचायतों में भी किया गया है। जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर सदस्या राज्य महिला आयोग कुमुद श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी रोहित, जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खरायत, महिला कल्याण अधिकारी सरिता मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी गण एवं विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पेंशन पा रहे पेंशनर गण उपस्थित रहे।

# योजनाओं को धरातल पर उतारकर बिना भेदभाव के पात्रता के आधार पर किया जाए लाभान्वित-अध्यक्ष



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-अध्यक्ष, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0, लखनऊ डा0 लालजी प्रसाद निर्मल लोक निर्माण विभाग/निरीक्षण भवन भिनगा पहुंचे तथा समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार जन जन के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार लगातार किसानों और महिलाओं के उत्थान के लिए तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन योजनाओं को धरातल पर उतारकर बिना भेदभाव के पात्रता के आधार पर जनपद के सभी लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए। और अनुसूचित जाति के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित 100 दिन के विभागीय कार्ययोजना तैयार करने तथा उसके अनुसार लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन ने अध्यक्ष जी को अवगत कराया कि पं0 दीनदयाल स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत विभिन्न बैंको से 42 आवेदन भेजे गये है, जिनमें 01 आवेदन स्वीकृत है। उन्होने यह भी बताया कि दुकान तथा लाण्ड्री में 01-01 आवेदन स्वीकृत किये गये है। इस अवसर पर सहायक अभियंता यू0पी0 सिडको, समाज कल्याण विभाग के सहायक प्रबन्धक प्रशान्त सिंह, गोविन्द पाण्डेय सहित सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।


# गिरिराज पर्वत उठाकर तोड़ा इंद्रदेव का अहंकार



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- ग्राम नगला तुला राम में भागवत कथा के पांचवें दिन आचार्य साध्वी सीमा सिद्ध किशोरी ने कहा कि मनुष्य को काम, क्रोध, मद, लोभ एवं अहंकार अंतरात्मा में कभी नहीं रखना चाहिए आत्मा को हमेशा शुद्ध रखकर ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए उन्होंने कहा कि देवताओं के राजा इंद्र देव को जब अहंकार हुआ तथा अपने आप को ही सर्वशक्तिमान मानने लगा, गोकुल वासियों को प्रताड़ित करने के लिए घनघोर वर्षा की तो भगवान श्री कृष्ण ने उसका अहंकार तोड़ने के लिए गिरिराज पर्वत को उठा कर समस्त गोकुल वासियों को उसके अहंकार से बचाया था इस अवसर पर परीक्षत राजवीर सिंह, उनकी पत्नी मीना देवी, अमित जादौन, कल्याण सिंह, कृष्ण गोपाल आदि उपस्थित रहे

# पति ले गया सौतन, अब ससुर रखता है गलत नजर, महिला ने पुलिस को बताई आपबीती




बदायूँ -पति के सौतन लाने के बाद ससुर अपने ही पुत्रवधू पर ही गलत नजर रखने लगा। विवाहिता ने ससुर पर गलत नजर रखने का आरोप लगाया है। वहीं, घर के अन्य लोगों पर मारपीट घर से बाहर निकालने के मामले में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति, ससुर समेत सात के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का उसहैत थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है उसहैत थाना क्षेत्र के गांव झझरऊ निवासी आशमीन बेगम ने एसएसपी से की शिकायत पर दर्ज हुये मुकदमे के मुताबिक, उसके पिता ने चार वर्ष पूर्व उसकी शादी झझरऊ के वसीम खां पुत्र जुम्मन खां के साथ की थी। पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे। ससुराल पक्ष के लोग एक कार की मांग को लेकर उसे आये दिन प्रताड़ित करते थे। अब तक उसके साथ कई दफा मारपीट की गयी, लेकिन वह परिवार चलाने के वास्ते सबकुछ सहती रही। आरोप है उसके पति के संबंध में पड़ोस के गांव अलई की एक युवती के साथ थे। 10 अप्रैल को उसका पति उस युवती को लेकर चला गया। इसको लेकर उसने ससुरालियों से पति को बुलाने के लिए गुहार लगाई, लेकिन ससुरालियों ने उल्टा ही मारा पीटा। विवाहिता का आरोप है कि उसकी सास की मौत हो चुकी है। इस वजह से ससुर उसपर गलत नजर रखता है। वहीं, उसके देवर एवं ननदोई आदि घर से बाहर निकालना चाहते है। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति वसीम खां, ससुर जुम्मन खां, देवर अजमल, अमजद, आमिर, शाहरूख और ननदोई राजू खां के खिलाफ मारपीट और दहेज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com


# तीसरा मेघा दिव्यांग शिविर का सधवाडा में हुआ उद्घाटन

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





फर्रुखाबाद-एस. एन. साध ट्रस्ट व डॉ रजनी सरीन जी के सौजन्य से मेघा दिव्यांग शिविर का उदघाटन मुख्य ट्रस्टी श्री राकेश साध की बड़ी बेटी श्रीमती प्रिया साध व उनके पति श्री रितेश साध द्वारा किया गया। ये 2022 का तीसरा मेघा दिव्यांग शिविर है पर विगत वर्षो से तकरीबन 28 से ज्यादा शिविरों का आयोजन एस. एन. साध ट्रस्ट के द्वारा फर्रुखाबाद में कराया जा चुका है। इस शिविर की विशेषता ये है कि कोई भी दिव्यांग जन केवल अपना आधार कार्ड और दिव्यांग प्रमाण पत्र लेकर आये और तत्काल रजिस्ट्रेशन कराकर निशुल्क शिविर में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। एस. एन. साध के दूसरे प्रमुख ट्रस्टी श्री चमकेश साध ,प्रिया साध व रितेश साध ने बताया कि इस शिविर में सभी उपकरण संस्था की तरफ से बिल्कुल नि:शुल्क वितरण किये जाते है, दिव्यांग जन व उनके साथ जो भी उनके तीमारदार आते है उन सभी लोगो के लिऐ चाय, बिस्किट व शुद्ध भोजन की व्यवस्था भी संस्था की तरफ से नि:शुल्क की जाती है। शिविर की व्यवस्था विशेष रूप से दिल्ली से कई दिन पहले आकर रोहित गर्ग और अमर साध के द्वारा संभाली जाती है। इस नेक कार्य में - सुजीत वर्मा, शीश मेहरोत्रा, विजय, नितिन, राहुल, प्रभात, नरेश, रॉबिन साध, आर्यन साध, मानव साध, बासु, मोनू और जयपुर की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहता है। आज रजिस्ट्रेशन 78 हुये आज बाटे गए उपकरणों की संख्या- छड़ी- 8 कैलिपर- 15 कृतिम पैर- 8 वैशाखी- 12 वॉकर- 2 जूते- 15 कान की मशीन- 31 एस एन साध ट्रस्ट फर्रुखाबाद- दिल्ली

# भीषण सड़क हादसा, पेड़ से टकराई कार, छह की मौत व तीन की हालत गंभीर

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-स्वार रोड पर तेज रफ्तार इनोवा कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे और फिर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी लोग थाना डिलारी क्षेत्र के रहने वाले थे, जो बरात जा रहे थे। हादसे के बाद घटनास्थल से लेकर जिला अस्पताल तक चीख पुकार मच गई। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। कार में 11 लोग सवार थे। जिनमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई हैं, उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस भीषण हादसे में भी कार में सवार दो बच्चे बिल्कुल सुरक्षित हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ। इनोवा कार में मुरादाबाद के डिलारी से 11 लोग बरात में शामिल होने के लिए रामपुर के अजीमनगर थाना क्षेत्र के आगा गांव जा रहे थे। ग्राम सींगनखेड़ा के पास कार अनियंत्रित होकर पहले बिजली के पोल से टकराई। इसके बाद पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने मदद की। सूचना पर पुलिस आ गई। सभी को जिला अस्पताल भिजवाया। डाक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। सभी मृतक मुरादाबाद जिले के डिलारी थाना क्षेत्र के रहटा माफी गांव के रहने वाले हैं। इनमें विनीत पुत्र ब्रजेश सक्सेना, राकेश पुत्र कर्ण सिंह, आकाश पुत्र हरिओम, कृष पुत्र वीरेंद्र, विवेक चौहान पुत्र सोपाल और सौरभ पुत्र विक्रम हैं। इसके अलावा चिंटू पुत्र निर्देश, बिट्टू पुत्र महावीर, संजय पुत्र हरश्याम और अनमोल पुत्र आलोक घायल हुए हैं। एसपी ने बताया कि तीन घायलों की हालत नाजुक है। उन्हें बेहतर उपचार देकर बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस हादसे में कार सवार दो बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं। हादसे में मरने वालों का जल्द पोस्टमार्टम कराने के लिए चार उप निरीक्षकों को लगाया गया है।

# अधिकारीगण दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण रखें-डीएम



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा गठित लोकल लेवल कमेटी, जिला दिव्यांगजन बंधु समिति, जिला परामर्शदात्री समिति, जिला अनुश्रवण समिति एवं जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील बनें। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को जनपद में संचालित ऐसी सभी संस्थाओं /एनजीओ की सूची मोबाइल नम्बर सहित पुलिस विभाग, खण्ड विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जिला परामर्शदात्री समितियों में बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी रखने के निर्देश दिये हैं तथा संस्थाओं के आने वाले सभी प्रस्तावों को जिला प्रोबेशन अधिकारी को शासन को भेजते रहने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर जिला दिव्यांग बंधु समिति बैठक में दिव्यांगजनों के आर्थिक उत्थान, पुर्नवासन एवं सेवायोजन संबंधी समस्याओं के निदान के उद्देश्य तथा बेरोजगार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारी विभागों/बैंकों के माध्यम से रोजगार हेतु ऋण की व्यवस्था पर विचार विमर्श किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजन अपनी आजीविका चलाने हेतु कोई कार्य करना चाहते हैं तो उनकी हर संभव मदद की जाये। यदि ऋण की आवश्यकता है तो विभाग अथवा बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध करा दिया जाये ताकि वह अपना व्यवसाय कर सकें। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को गठित लोकल लेवल कमेटी, जिला दिव्यांगजन बंधु समिति, जिला परामर्शदात्री समिति, जिला अनुश्रवण समिति एवं जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति की त्रैमासिक बैठक करने के निर्देश दिये। जिला अनुश्रवण समिति के अर्न्तगत दिव्यांगजनों का एक समग्र डाटाबेस तैयार कर जिसके तहत जनपद के समस्त दिव्यांगजनों का विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यू0डी0आई0डी0) पहचान पत्र शत प्रतिशत बनाये जाने पर विचार विमर्श किया गया। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 13141 आवेदन पत्र आये हैं, जिसमें 8978 के यू0डी0आई0डी0 कार्ड बन गये हैं, 2000 पेन्डिंग हैं जिस पर जिलाधिकारी ने यू0डी0आई0डी0 कार्ड की पेन्डेसी का निस्तारण करने तथा शत प्रतिशत दिव्यांगजनों के कार्ड जारी करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0के0 शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल, अग्रणी जिला प्रबन्धक अतुल बंसल, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, ए0आर0एम रोडबेज, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुपमा शांडिल्य एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, दिव्यांगजन तथा विभिन्न दिव्यांग संस्थान के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# मिशन शक्ति 4.0 के अन्तर्गत बाल विवाह के उन्मूलन हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन





मुरादाबाद- जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि जनपद मुरादाबाद में राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में बाल विवाह उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही बालकों को बाल विवाह के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह हमारे समाज व बच्चों के भविष्य के लिये एक अभिशाप है, यह हमारे समाज की एक बहुत बड़ी कुरीति है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह को जन जागरूकता के माध्यम से ही रोका जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा किसी बालक/बालिका का जबरन बाल-विवाह कराने की कोशिश की जाती है, तो उसे 01 लाख रूपये जुर्माना या 02 वर्ष की कारावास की सजा हो सकती है, जिसमें वर पक्ष, वधु पक्ष, रिश्तेदार, हलवाई आदि जो भी बाल विवाह में शामिल हो वो दोषी हो सकता है। बाल विवाह की जानकारी होने पर कोई भी जन सामान्य चाइल्डलाइन टोल फ्री नंबर 1098 व पुलिस सहायता टोल-फ्री नम्बर 112 पर सूचना व अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। बाल विवाह को रोकने के लिये विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों, चैपालों एवं गोष्ठियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त बाल श्रम को रोकने हेतु बाल विवाह रोकने हेतु टास्क फोर्स द्वारा निगरानी भी की जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# To the election

It is no less than good news for the country that Jammu and Kashmir has taken another step towards elections. The Jammu and Kashmir Delimitation Commission on Thursday signed the final draft of the delimitation of the Union Territory. This commission or panel was entrusted with the task of redefining the boundaries of assembly and parliamentary constituencies in Jammu and Kashmir. The special thing is that the panel has submitted its report within just two years. When the delimitation took place in Jammu and Kashmir before this, it took seven years. Therefore, whatever is visible from the government's side, it should be welcomed. Every effort should be made to bring normalcy to normalcy in Kashmir at the earliest. This report will especially increase the trust of the Kashmiri people in the system. Had there not been a plan to hold elections, the work of delimitation could have been prolonged. In fact, when the governments work at a rapid pace, it increases the confidence of the common people in the government. The tenure of this panel was extended twice, but despite this, the panel headed by former Supreme Court Justice Ranjana Prakash Desai deserves praise for giving quick reports and this will inspire other similar assembly or parliamentary constituency delimitation efforts or campaigns. However, now a gazette notification will be issued and assembly seats in Jammu and Kashmir will increase by seven points, as per initial information. Six seats have increased in Jammu region and one seat in the Valley. The political gap between Jammu and Kashmir will narrow. Ladakh has already been separated, so 83 assembly seats were left in Jammu and Kashmir, but after delimitation, the total will be 90 seats. However, the number of constituencies and their size will be made public only after the notification is issued. Only after that the activities of political parties there will also intensify. There is no elected government there since June 2018. In the year 2019, the central government had taken a big decision and after the abolition of special status, bifurcation of the state and creation of union territories, there were reactions from almost all over the world. Some countries had advertised exaggeratingly as if India had done a great injustice to one of its states. Now the delimitation report will give a blow to the opponents of India and when elections are held, a new Jammu and Kashmir world will see. After that state status will also be returned. Prime Minister Narendra Modi has promised restoration of the state after the elections. It is worth noting that this important delimitation has not been done by the top officials sitting in closed rooms. The report has been prepared after meeting members of over 200 delegations and organizations from sensitive districts like Ramban, Rajouri, Poonch, Kishtwar, Kathua and Doda. It can be said with certainty, this is a report inspired by the aspirations of the people and in future also people will form their popular government there. Terrorism and separatism will wreak havoc. Kashmir is moving towards a strong democratic future, where the need for bayonets will naturally dwindle.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM


## Avneet Kaur did a 'bold' photoshoot in a Thai high slit dress, seeing the pictures, fans said, 'What a beauty'



Actress Avneet Kaur, who plays Yasmin in Aladdin Naam Toh Suna Hoga, has now got a bold photoshoot done wearing a Thai high slit dress. She is wearing a colorful dress in it. Her hair is tied and she is seen posing on the ship in front of the sea Coming. Bold pictures of Avneet Kaur have gone viral on Instagram - Pictures of Avneet Kaur have gone viral on Instagram. She shared it 55 minutes ago till the time of writing the news, which has got more than 117000 likes. While it has more than 1200 likes More comments have been made. Many people have shared heart and fire emojis on the pictures. While many people have commented on it like fabulous, beautiful, nice pic and what a beauty. Avneet Kaur often shares her hot and bold pictures - Avneet Kaur is a television actress. She has appeared in many shows. She has also appeared in many music videos. Her roles have been well-liked. Avneet Kaur has more than 31 million followers on Instagram. She often shares her hot and bold pictures and videos. Her fans are also excited about it. Sahit lives. Avneet Kaur can be seen posing in a two piece bikini. Avneet Kaur has shared a total of 3 pictures. In the first picture she is seen looking at the sea. In the second photo she is posing boldly looking at the camera. At the same time, in the third photo, she is posing in a different style. Apart from this, she also recently shared pictures wearing her hot dress. In this, she can be seen posing in a two-piece bikini. Her pictures went viral. She wrote , 'Water Baby Always'

## Seeing Mouni Roy's bold to cultured style, the fans said - Naagin is going to bite everyone

Mouni Roy does not need any identity today. Mouni Roy, who started her career in the serial 'Kyunki Saas Bhi Kabhi Bahu Se', is making her acting debut from television to Bollywood today. Naagin actress Mouni Roy is also very active on social media and she often wins the hearts of fans with her killer look. Recently, Mouni Roy shared a whole series of photos on social media, after seeing which the fans are not tired of praising her beauty. - Mouni Roy, sitting on the beach, gave a bold pose - Mouni Roy on her Instagram Shared adorable pictures one after the other. In the first picture, where Mouni looked quite innocent while wearing glasses and working on the laptop, in the second picture, Mouni Roy was seen wearing a bikini and sitting in front of the sun on the beach with her eyes closed. This picture of Mouni Roy is very bold. After this, Mouni Roy is seen staring at the camera in a black crop top and trousers. Apart from this, Mouni posted many different pictures in short dress, lehenga in serpent look and saree, in which people are very much liked by Mouni Roy from babe to desi style.“Fans made such comments on the pictures of Mouni Roy - Fans are very fond of these pictures of Mouni Roy. These pictures posted by Mouni Roy some time ago have got more than 3 lakh 56 thousand likes so far and fans are showering love on the pictures of the actress in the comment box. Commenting on Mouni Roy's picture, a user wrote, 'Hot pictures Mouni Roy'. Another user wrote, 'Mouni tu hot lagdi'. Another user wrote, 'The serpent will bite everyone'. Fans are unable to take their eyes off Mouni Roy's beauty. Will be seen in Ranbir's film 'Brahmastra'



# विधायक सर की परीक्षा में गुरुजी की शिक्षा फेल हो गई है- कोल विधायक अनिल पाराशर

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- कक्षा एक से आठवीं तक के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भले ही वार्षिक परीक्षा में पास होकर अगली कक्षा में पहुंच गए हों लेकिन, विधायक सर की परीक्षा में गुरुजी की शिक्षा फेल हो गई है। कोल विधायक अनिल पाराशर ने गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय मडराक का निरीक्षण किया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थी से 17 का पहाड़ा सुनाने को कहा तो वो नहीं सुना सका। कक्षा छह व सातवीं के विद्यार्थियों से गुड मार्निंग लिखने को कहा तो वो नहीं लिख पाए। इस पर बीएसए सतेंद्र कुमार ढाका की ओर से संबंधित शिक्षकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश-



विधायक अनिल पाराशर ने बताया कि उन्होंने खुद गोद लिए प्राथमिक विद्यालय मनोहरपुर कायस्थ का निरीक्षण भी किया। विद्यालय में स्मार्ट क्लास तैयार कराने व विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर की व्यवस्था कराने की घोषणा की। मडराक के स्कूल में छात्र संख्या भी कम पाई गई। शिक्षा गुणवत्ता में भी कमी मिली। इस पर उन्होंने बीएसए को सुधार कराने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संदीप सिंह अलीगढ़ से ही हैं, इसके चलते यहां शिक्षा का स्तर तो ऊंचा होना ही चाहिए। कहा कि एक ओर शिक्षक अपने हित के काम कराना चाहते हैं लेकिन अपने मूल कार्य यानी बच्चों को बेहतर शिक्षा देने से पीछे रहते हैं।केजीबीवी का दोयम निर्माण -विधायक ने जब लोधा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ( केजीबीवी ) में चल

## एक टूटे हुए परिवार को फिर से मिलाकर एक किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र/नारी उत्थान केंद्र में आज एक टूटे हुए परिवार को फिर से मिलाकर एक किया गया, वादी लतिका पुत्री श्री शांतिस्वरूप निवासी ग्राम भागीपुर थाना कोतवाली नगर जिलाएटा एवं उनके पति प्रतिवादी आदित्य पुत्र रमन कुमार निवासी ग्राम हयातपुर माफी थाना महरहरा जिला एटा कई दिनों से पति पत्नी में आपसी विवाद चल रहा था, जिसके चलते लतिका अपने मायके में पिता के घर रह रही थी, आज दोनो पक्षों को बुलाया गया दोनों पक्षों से वार्ता की गई ,दोनो पक्षों को अथक प्रयास कर समझाया गया। दोनों पक्ष अपनी गलतियों को सुधार कर साथ रहने को तैयार है, काफी प्रयास के बाद पति पत्नी का समझौता कराया गया। आज की बैठक में काउंसलर सचेंद्र गुप्ता,ब्रजबाला बशिष्ठ, महिला थाना स्टाफ प्रभारी निरीक्षक महिला थाना नंदनी सिंह ,हैड कांस्टेबल मिथिलेश , कॉन्स्टेबल सुधा,रजनी वर्मा धर्मवीर सिंह मौजूद रहे।

## आपकी हर समस्या का समाधान करेगा सेवात्रित ऐप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -जिला रोजगार सहायता अधिकारी विपिन कुमार यादव ने यह जानकारी देते हुये कहा है कि आप घर से बाहर नहीं जाना चाहते, घर बैठे ही एसी सर्विस कराना, पैथोलॉजी संबंधी जॉच करानां, आरओ ठीक कराना, आई0टी0 हार्डवेयर सर्विस कराना, मोबाइल रिपेयर कराना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको सेवामित्र एप का टोल फ्री नम्बर 155330 डायल करना है। यह एप सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित कराया गया है। टोल फ्री नम्बर के अलावा इस एप को प्ले स्टोर से भी डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप पर आपको 26 प्रकार की सेवाएं मिलेंगी। यह एप आम नागरिकों एवं जनपद के समस्त विभाग और उनके अधीनस्थ संगठन सभी के लिए उपयोगी है। उन्होनें कहा कि आप तीन तरह से इस एप के जरिए सेवाएं ले सकते हैं। एक-टोल फ्री नम्बर डायल करके बुकिंग करा सकते है। जो सेवा आप चाहते हैं, पहले आपको उसका चार्ज बताया जायेगा। चार्ज उचित लगने पर आप बुकिंग करा सकते हैं। आपके द्वारा दिये गये समय पर सेवामित्र आपके घर पहुँचेगा। इसके अलावा दूसरा आप एप डाउनलोड कर खुद बुकिंग करा सकते हैं और तीसरा बेवसाइट पर जाकर बुकिंग करा सकते हैं। जो भी सेवामित्र आपके घर पहुँचेगा, वह व्यक्ति विभाग द्वारा सत्यापित होगा। उन्होनें बताया है कि एप कई मायनों में अहम है। सेवामित्र जॉचे परखे होते हैं। अभी 26 तरह की सेवाएं दी जा रही है, आगे इन्हें बढाया जा सकता है।

## अश्लील प्रयोजनों के लिए नाबालिक की तस्वीर व वीडियो फिल्म बना लेने के 02 आरोपीयों को 02-02वर्ष साधारण कारावास एवं ?11-11 हज़ार के अर्थदंड दंड की दिलवाई सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -पुलिस द्वारा अभियोजन विभाग के साथ संयुक्त प्रयास कर मा0 न्यायालय में उत्कृष्ट विवेचना, प्रभावी पैरवी, गवाहों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कर अश्लील प्रयोजनों के लिए नाबालिक की तस्वीर व वीडियो फिल्म बना लेने के 02 आरोपीयों को 02-02वर्ष साधारण कारावास एवं ?11-11 हज़ार के अर्थदंड दंड की दिलवाई सजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 06.05.2022 को अभियुक्त 1.उपेंद्र पुत्र राजवीर 2.रवीश पुत्र राजवीर निवासीगण हिरदेपुर थाना अलीगंज जिला एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 272/15 धारा 354सी,323,504 भादवि व 11( 5 )12 पोक्सो एक्ट थाना अलीगंज जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज पोक्सो-एक्सक्लूसिव एटा द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त प्रत्येक को 02-02वर्ष साधारण कारावास एवं ?11-11 हज़ार के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## आईएएस आदित्य प्रकाश वर्मा ने शगुफ्ता बानो को स्कूलआने जाने के लिए दिया साईकिल



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -जनपद एटा के 43 वीं वाहिनी पीएसी परिसर में स्थिति पूर्व माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के समय छात्रा शगुफ्ता बानो द्वारा 39 का पहाडा बिना रूके सुनाने पर कमांडेंट आदित्य प्रकाश वर्मा जी ने अत्यंत विलक्षण प्रतिभा की बेटी शगुफ्ता बानो को कक्षा 9 से लेकर कैरियर बनाने की जिम्मेदारी उठाने का वायदा किया गया था।उस को लेकर दिनाँक 09-04-2022 को अपने पूर्व में दिये वादे के अनुसार पीएसी परिसर में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा शगुफ्ता बानो पुत्री शकील निवासिनी कांसीराम कॉलोनी जनपद एटा के सबसे अच्छे विद्यालय श्री रामबाल भारती इंटर कॉलेज में कक्षा 9 में उसके साथ जाकर प्रवेश दिलाया।विद्यालय में एक वर्ष की फीस एडवांस में जमा की, मेरे इस प्रयास को और सार्थकता मिली जब विद्यालय के प्राधानाचार्य द्वारा एडमिशन फीस को भी माफ कर दिया गया।आज घर से स्कूल में पढने आने जाने के लिए एक अच्छी सी साइकिल खरीद कर देने मे आदित्य प्रकाश वर्मा जी ने जिम्मेदारी को उठाया है।औरआपको बता दें कि पीएसी अधिकारी आदित्य प्रकाश वर्मा जी के क्रिया कलापों को हर वर्गों के लोग सहराना करते हैं।

## हमारा असली मिशन है महिलाओं ,छात्राओं को सुरक्षित रखना

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियों मिशन के तहत उत्तर प्रदेश सरकार बहुत गम्भीर है,मुख्यमंत्री योगी जी ने समस्त पुलिस विभाग के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि महिलाओं की सुरक्षा, छात्राओं की सुरक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता है, अगर इस मिशन में किसी भी तरह की शिकायत सम्बंधित क्षेत्रों से मिलती है, तो वहां के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।मिशन शक्ति और एन्टी रोमियों मिशन की जानकारी देने के लिए स्थानीय जनता इंटर कॉलेज के सभागार में अलीगंज कोतवाली के कोतवाल छत्तर पल सिंह द्वारा वहां उपस्थित छात्राओं कॉलेज स्टाफ को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति और एन्टी रोमिओं मिशन की कामयावी तभी सम्भव हैं महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाले,कालेजों के रास्तों पर आने वाली हमारी पढ़ने जाने वाली बेटियों छात्राओं,के साथ यदि कोई भी मनचला व्यंग कसता है या अश्लील बातें करता है,तो उसको ऐसा सबक सिखाया जाए कि भविष्य में वो क्या उसकी सात पीढियां भी किसी महिला,छात्रा के साथ कोई छींटाकसी करने की हिम्मत कर सके।हमारा असली मिशन यही है कि हम आपको सुरक्षित रखें।अंत मे कोतवाल सीपी सिंह ने उपस्थित छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि आपसे रास्ते मे यदि कोई छींटा कसी करे तो उससे डरे नहीं उसकी सूचना तुरन्त हमको हमारे स्टाफ को दे,ताकि उनको सबक सिखाया जा सके,अन्यथा की स्थिति में ऐसे लोग पुनः ऐसी हरकतें करने से नही चूकेंगे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# साढ़े 3 साल में कुछ नहीं किया और अब दौरा कर रहे, डॉ. रमन बोले- भूपेश सरकार का परफॉर्मेंस ही खराब




छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने सीएम भूपेश बघेल और मंत्रियों को दौरे को लेकर सरकार पर तंज कसा है। डॉ. रमन ने कहा कि एक यात्रा का मुंह उत्तर दिशा और दूसरा एक दक्षिण दिशा में है। 90 विधानसभा में दौरा कर विधायकों का कामकाज देख रहे हैं। विधायकों का नहीं बल्कि सरकार का परफॉर्मेंस ही खराब है। साढ़े तीन साल की सरकार ने कुछ नहीं किया है। आने वाले विधानसभा में कांग्रेस का पूरा सफाया होने वाला है। मंत्री के दौरे में कलेक्टर-एसपी उनसे मिलने नहीं आते, क्या उन्हें मना किया गया है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 30 बिंदुओं पर हम भी विकास यात्रा और ग्राम सुराज यात्रा निकाला करते थे, लेकिन अब जो यात्रा हो रहा है उसमें तीन हेलीकॉप्टर के साथ मन पसंद और चमचमाते गद्दे रखे हैं। रेड कार्पेट बिछा हुआ है। ये कैसी यात्रा है? हेलीकॉप्टर में बैठी सरकार की सोच भी हवा हवाई है। बच्चों को 10 मिनट हेलीकॉप्टर में बैठाने से उनके जीवन में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं आएगा। सरकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई को लेकर डॉ. रमन ने कहा कि सरकार यात्रा में अधिकारियों पर कार्रवाई कर रही है, जबकि 25 रुपया प्रति टन कोल में वसूली इस सरकार में हो रही है। किस कलेक्टर और किस एसपी का कितना रेट है इस सरकार में सब जानते हैं। सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है।

## मिशन-2023 की तैयारियों में जुटी भाजपा

डॉ. रमन ने कहा कि 2023 में होने वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा अब प्रदेश के बूथों पर फोकस कर रही है। प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी का लगातार दौरा हो रहा है। भाजपा का ध्यान फिलहाल बूथ विस्तार करने की ओर है। बूथ विस्तारक 10 दिन की यात्रा में 10 बूथों में जा रहे हैं, जहां वे समीक्षा कर रहे हैं। बीजेपी यात्रा से डरी हुई नहीं है, बल्कि डर तो उन्हें हैं, जिस वजह से यात्रा कर रहे हैं।

## रेल मंत्री से हुई बात, कोयला परिवहन जरूरी

डॉ. रमन ने कहा कि हम सरकार के कामकाज की समीक्षा कर रहें। गोठान को देख रहे हैं। वर्तमान सरकार और पुरानी सरकार के काम लोग जान रहे हैं। सबका जवाब आएगा और बीजेपी सरकार में आएगी। छत्तीसगढ़ विकास मांगता है। ट्रेनों के कैंसल होने और लोगों की समस्याओं पर पूर्व सीएम रमन ने कहा कि रेल मंत्री से बात हुई है। कोयला का परिवहन जरूरी है, लेकिन यात्रियों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। जल्द कुछ ना कुछ हल निकलना चाहिए।

# छेड़खानी का आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार ,जीपीएम पुलिस ने रिपोर्ट पर लिया तुरंत संज्ञान



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- थाना पेण्ड्रा में अपराध क्रमांक 171/22 धारा 354, 354 (घ), 294, 34 भादवि एवं 8 पोक्सो एक्ट पीड़िता द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि भुनेश्वर और सोनू दोनों इसके घर के पास आए और शराब के नशे में इससे अभद्र बातें करने लगे यह प्रतिरोध की, तब दोनों गाली गलौज करने लगे और लोगों के आ जाने से दोनों भाग गए रिपोर्ट पर थाना पेण्ड्रा में तत्काल अपराध क्रमांक 171/22 धारा 354, 354 (घ), 294, 34 भादवि एवं 8 पोक्सो एक्ट कायम किया गया। थाना प्रभारी पेंड्रा के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचना दी गई। *पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* द्वारा त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिए।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पेण्ड्रा उपनिरीक्षक धर्मनारायण तिवारी द्वारा गाँव मे दबिश देकर आरोपी सोनू प्रकाश कुशराम पिता कुमार सिंह कुशराम उम्र 32 साल निवासी धनपुर को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एक आरोपी भूनेश्वर चौधरी पिता लाल चंद चौधरी 19 वर्ष निवासी धनपुर जो घटना बाद से फरार हो गया है उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कलेक्टर ने पेंड्रा विकासखंड के पनकोटा गौठान का किया निरीक्षण



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज पेंड्रा विकासखंड के पनकोटा गौठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मोंगरा स्व सहायता समूह द्वारा किए जा रहे सब्जी-भाजी उत्पादन कार्य की सराहना की तथा ऐसे स्व सहायता समूह जो आजीविका मूलक कार्यो से नही जुड़ पाए है उन्हे मुर्गी शेड, बकरी पालन, मछली पालन आदि कार्यो के लिए प्रोत्साहित किए जाने कहा। उन्होंने तालाब के पास की भूमि पर वृक्षारोपण करने तथा गौठान पहुंच मार्ग को व्यवस्थित कराए जाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौठान में मछली पालन, चारागाह आदि के लिए गौठान के समीप स्थित नाला के माध्यम से क्रेड़ा विभाग को सोलर पंप से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गौठान में संचालित गतिविधियां और आगे होने वाली कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कृषि विभाग, पशुधन विकास, मतस्य, क्रेडा, विद्युत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और उद्यान आदि विभागों के अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत पेंड्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति इंदिरा मिश्रा, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी श्री टी आर दिनकर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, स्व सहायता समूह के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक श्री बंसल ने किया बेरियर का औचक निरीक्षण, दूरस्थ अंचलों के ग्रामो का किया भ्रमण



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- ग्राम मुखिया से प्राप्त की ग्राम एवम् ग्रामीणों की समस्याओं जानकारी ग्रामीणों के साथ ग्रामीण बन कर बैठ जमीन पर बैठे पुलिस अधीक्षकपुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* ने आज जिले के दूरस्थ ग्रामों उसाढ़ एवं बरौर का भ्रमण कर ग्राम के सरपंचों से भेंट कर ग्राम की समस्याओं एवं शिकायतों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त किया। साथ ही ग्राम में बिजली, पानी की सप्लाई एवं अन्य शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसी प्रकार अंतरराज्जीय बैरियर बरौर में पुलिस अधीक्षक श्री बंसल ने औचक निरीक्षण कर उपस्थित स्टाफ की जानकारी प्राप्त की । उपस्थित स्टॉफ से मिलकर वहां व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लिए साथ ही राहगीरों को किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो भद्र वातावरण में नियमानुसार चेकिंग कार्यवाही करने की समझाई दिया.

# जिले में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही-बिगडे हैंडपंप के सुधार के लिए 07751-220085 पर कर सकते है शिकायत जिले में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड गौरेला-पेंड्रा-मरवाही द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। बिगडे हुए हैंडपंपों के सुधार के लिए शिकायत एवं सुझाव कन्ट्रोल रूम नम्बर 07751-220085 पर दर्ज कराया जा सकता है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com